E-Mail: coeoffice@csjmu.ac.in

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा **A++** ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय

(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)

(Formerly Known as Kanpur University, Kanpur-208024)

सन्दर्भ सं0: सी.एस.जे.एम.वि.वि./COE/1418/2026 **दिनांक: 10/11/2026**

कार्यालय–ज्ञाप

विश्वविद्यालय की सत्र 2026–27 की विषम सेमेस्टर परीक्षाएँ दिनांक 14.11.2026 से प्रारम्भ होनी हैं। विगत परीक्षाओं में यह संज्ञान में आया है कि कतिपय सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों के जेण्डर विवरण में त्रुटि किये जाने के फलस्वरूप पुरुष अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र पर महिला जेण्डर अंकित हो जाने के कारण उनका परीक्षा केन्द्र स्वकेन्द्र आवंटित हो गया। ऐसी स्थिति में सम्बन्धित पुरुष अभ्यर्थियों द्वारा अपने ही महाविद्यालय में परीक्षा दिये जाने के प्रकरण भी संज्ञान में आये हैं।

अतः परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित किये जाने के दृष्टिगत समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं परीक्षा केन्द्रों को निर्देशित किया जाता है कि अपने महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं के जेण्डर विवरण का तत्काल परीक्षण कराते हुए त्रुटियों का संशोधन परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। यदि किसी पुरुष अभ्यर्थी के प्रवेश–पत्र पर जेण्डर सम्बन्धी त्रुटि के कारण स्वकेन्द्र अंकित है, तो उसे अपने महाविद्यालय के अन्य पुरुष अभ्यर्थियों हेतु आवंटित परीक्षा केन्द्र पर ही परीक्षा देनी होगी एवं इस सम्बन्ध में सम्बन्धित महाविद्यालय विश्वविद्यालय को तत्काल सूचित करेगा।

किसी भी स्थिति में पुरुष अभ्यर्थी को उसके अपने महाविद्यालय में परीक्षा में सम्मिलित नहीं कराया जायेगा। यदि किसी महाविद्यालय द्वारा उक्त निर्देश का उल्लंघन करते हुए पुरुष अभ्यर्थी को अपने ही महाविद्यालय में परीक्षा दिलायी जाती है, तो सम्बन्धित अभ्यर्थी की सम्पूर्ण परीक्षा तत्काल निरस्त कर दी जायेगी तथा महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र के विरुद्ध नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी, जिसके लिए सम्बन्धित महाविद्यालय स्वयं उत्तरदायी होगा।

(राकेश कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्राचार्य/प्राचार्या/केन्द्राध्यक्ष,सम्बन्धित परीक्षा केन्द्र।
2. निदेशक, महाविद्यालय विकास परिषद।
3. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
4. वैय0 सहायक कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक/वित्त अधिकारी।
5. पी0एम0यू0/कोडिंग सेल।
6. सम्बन्धित पत्रावली।

(अंजलि मौर्या) 10/11/26
उप–कुलसचिव (परीक्षा)